राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम० )
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 613 /241/एनयूएलएम/तीन/(EST&P) 2018-19 (Trg.)Vol-II दिनांक 16/04/2019

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक,
शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः DAY-NULM के घटक EST&P के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन (Assessment), प्रमाणीकरण (Certification) एवं GST के संबंध में।**

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन (Assessment) एवं प्रमाणीकरण (Certification) के संबंध में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्रांक–K-13/8/2017-UPA (EFS:3145135) दिनांक 03.04.2019 द्वारा निर्देश जारी किये गये। उक्त पत्र के माध्यम से जारी निर्देश के अनुसार EST&P के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन (Assessment) एवं प्रमाणीकरण (Certification) निम्नानुसार होगा:–

1. **MES/NCVT Course हेतु–** दिनांक 16.08.2018 से MES/NCVT Course में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण कार्य Skill India Portal के माध्यम से किया जाना है। इस हेतु कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण बैच का Registration/upload, Skill India Protal पर नहीं किया जाना है। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रशिक्षण बैचों को मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण कार्य हेतु Skill India Portal पर Migrate कर दिया जायेगा। कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा DAY-NULM के MIS Portal पर आवश्यक सूचनाएं जैसे–कौशल प्रशिक्षण प्रदाता की Parente-ID के अन्तर्गत Profile में Contact Person Name, Email ID, Phone No., Mobile No., Address एवं अन्य सूचनाएं जैसे प्रशिक्षणार्थी का नाम, Sector, Course, प्रशिक्षण केन्द्र का विवरण आदि सूचनाएं सही रुप से प्रविष्ट करना अनिवार्य है, जिससे कि Skill India Portal द्वारा मूल्यांकन एवं निर्गत प्रमाण पत्र में कोई त्रुटि न रहें।

पारी
16/04/2019

2. **SSC Course हेतु–** दिनांक 01.04.2019 से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण बैचों के मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण हेतु कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा SDMS-1 Protal पर प्रशिक्षण बैच का Registration/upload नहीं किया जाना है। प्रशिक्षण बैचों को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा Skill India Portal पर Migrate कर दिया जायेगा। कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा DAY-NULM के MIS Portal पर आवश्यक सूचनाएं जैसे-- कौशल प्रशिक्षण प्रदाता की Parente-ID के अन्तर्गत Profile में Contact Person Name, Email ID, Phone No., Mobile No., Address एवं अन्य सूचनाएं जैसे प्रशिक्षणार्थी का नाम, Sector, Course, प्रशिक्षण केन्द्र का विवरण आदि सूचनाएं सही रुप से प्रविष्ट करना अनिवार्य है, जिससे कि Skill India Portal द्वारा मूल्यांकन एवं निर्गत प्रमाण पत्र में कोई त्रुटि न रहें। परन्तु दिनांक 31.03.2019 तक के प्रशिक्षण बैचों के मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण का कार्य पूर्व की व्यवस्था के तहत SDMS-1 Protal (जब तक Protal, Active हो) पर ही किया जायेगा।

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उक्त निर्देश के अतिरिक्त मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण हेतु निम्नवत कार्यवाही की जायेगी:–

3. MES एवं SSC दोनों सेक्टरों के प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन की लागत कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा असेसिंग बॉडी (AB) को एडवान्स में उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षणार्थियों की मूल्यांकन लागत का भुगतान प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को द्वितीय किश्त (50%) के समय किया जायेगा, जिसके लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा द्वितीय किश्त की मांग प्रस्ताव के साथ प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष भुगतान किये

गये मूल्यांकन लागत का प्रमाण (भुगतान पर्ची {Payment Receipt},बीजक {Invoice}, प्राप्ति पर्ची {Receiving Receipt} इत्यादि प्रपत्र) प्रस्तुत किये जायेंगे। EST&P की गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों की मूल्यांकन लागत, प्रशिक्षण लागत के अतिरिक्त होगी।

4. मूल्यांकन में असफल प्रशिक्षणार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा पुनः आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए पुनः मूल्यांकन कराया जायेगा। मूल्यांकन में असफल प्रशिक्षणार्थियों का अधिकतम 01 बार और मूल्यांकन कराया जा सकेगा। प्रशिक्षणार्थियों के प्रथम बार के मूल्यांकन की लागत कौशल प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा द्वितीय किश्त (50%) की मांग प्रस्ताव के साथ बैच की परिणाम प्रपत्र (Result Sheet) एवं प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने पर सी0एम0एम0यू0/डूडा द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्रदाता को देय होगी। फेल अथवा पास दोनों ही प्रशिक्षणार्थियों की मूल्यांकन लागत कौशल प्रशिक्षण प्रदाता को देय होगी।

5. मूल्यांकन में असफल प्रशिक्षणार्थियों के पुनः मूल्यांकन की लागत संबंधित कौशल प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा संबंधित असेसिंग बाडी (AB) को स्वयं भुगतान की जायेगी, जिसका भुगतान सी0एम0एम0यू0/डूडा द्वारा कौशल प्रशिक्षण प्रदाता को देय नहीं होगा।

6. MES एवं SSC दोनों सेक्टर में मूल्यांकन पश्चात् कौशल प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा संबंधित असेसिंग बॉडी अथवा संबंधित Portal (जैसे भी प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी) से प्राप्त कर EST&P MIS पर अपलोड किये जायेंगे।

7. राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के नोटिफिकेशन नं0– 12/2017-Central Tax (Rate) दिनांक 28.06.2017 द्वारा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण लागत एवं मूल्यांकन लागत व्यय पर GST (Goods and Services Tax) पर छूट प्रदान की गई है।

8. आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा MIS पर बैच बन्द (Close) करने, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण प्रक्रिया को संशोधित किये जाने के कारण अधिकांश बैच 31.03.2019 तक MIS पर बन्द नहीं किये जा सके है। इन बैचों को भारत सरकार के द्वारा जारी उक्त निर्देशानुसार शीघ्र ही MIS पर बैच बन्द कराये जाये।

एस0यू0एल0एम0–सूडा उ0प्र0 द्वारा पत्रांक–2498 दिनांक 02.08.2018 के द्वारा EST&P के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु जारी किये गये विस्तृत दिशा निर्देश के बिन्दु संख्या–22 को विलोपित करते हुए इस निर्देश के अनुसार समस्त कार्यवाही उपरोक्तानुसार की जायेगी।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. संयुक्त सचिव/मिशन निदेशक,NULM, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा को इस निर्देश से प्रेषित की उपरोक्तानुसार समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
4. समस्त शहर मिशन प्रबन्धक, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई को इस निर्देश से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अनुश्रवण सुनिश्चित करायें।
5. सभी इम्पैनलड कौशल प्रशिक्षण प्रदाता।
6. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक